**खबर संक्षेप**



## बाइक चालक पर एक हजार रूपये का जुर्माना

**कटनी।** शहर में ध्वनि प्रदूषण फैलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बरही पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वाली बुलेट मोटरसाइकिल पर कार्रवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे के निर्देशन में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान बुलेट मोटरसाइकिल को पकड़ा। वाहन में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगा पाया गया, जिस पर चालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 1000 रूपये का जुर्माना लगाया गया तथा मौके पर ही साइलेंसर निकलवाकर जब्त किया गया। पुलिस द्वारा शहर में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर तेज आवाज करने वाले और अवैध मॉडिफिकेशन वाले वाहनों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वाहनों में अवैध साइलेंसर या अन्य मॉडिफिकेशन न करें तथा नियमों का पालन करें।

## हादसे में घायल दो युवकों की इलाज दौरान मौत

**कटनी।** स्लीमनाबाद एवं बड़वारा क्षेत्र में हुये सड़क हादसों में घायल दो युवकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल नरेन्द्र यादव 27 वर्ष निवासी उरई उमरा जिला सागर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि 16 अप्रैल को हुई दुर्घटना में नरेन्द्र को गंभीर चोटें आई थीं, जिसका इलाज चल रहा था। स्लीमनाबाद पुलिस ने मर्ग कायम कर डायरी संबंधित थाने भेजने की कार्यवाही की है। इसी तरह बड़वारा थाना क्षेत्र में भी सड़क हादसे बरही के बड़ागांव निवासी रणबहादुर सिंह 24 वर्ष की मौत हो गई। रणबहादुर रविवार रात सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे शासकीय अस्पताल बड़वारा ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा है।

## युवक ने लगाई फांसी

**कटनी।** एन.के.जे. थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय अभिषेक चौधरी ने रविवार सुबह करीब 5:00 बजे अमरूद के पेड़ पर फांसी लगा ली। घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कागजी कार्यवाही के उपरांत मामला दर्ज किया गया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा फिलहाल नहीं हो सका है।

## बिना अनुमति बोरिंग पर की गई कार्रवाई, वाहन किया जब्त

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने बिना अनुमति बोरिंग कर रहे वाहन पर कार्रवाई करते हुए उसे जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुदेश कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को 9-10 मई की दरम्यानी रात सूचना मिली कि ग्राम भेड़ा टेक में बिना अनुमति बोर मशीन से नलकूप खनन किया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने अशोक लीलैंड कंपनी के ट्रक क्रमांक KA-01-MG-9577 से अवैध बोरिंग करते पाया। जांच में कलेक्टर कटनी के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन सामने आने पर वाहन सहित बोरिंग मशीन जब्त कर ली गई। मामले में चालक वृंदावन रैकवार निवासी रायसेन एवं संतोष कुमार उर्फ नत्थू राम प्यासी निवासी ग्राम भेड़ा के विरुद्ध धारा 223, 3(5) बीएनएस एवं मप्र पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 की धारा 9 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक काशीराम झरिया, प्रधान आरक्षक तेजप्रकाश सिंह तथा आरक्षक दीपक यादव व विवेक झरिया की भूमिका रही।

### योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए

# शहर में जर्जर भवनों से झांक रहे हादसे धीमी कार्यवाही पर लगाई जमकर फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी रूप से मूर्त रूप देकर उनका लाभ शीघ्रता से आम नागरिकों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, इस हेतु निगम के सभी विभाग आपसी समन्वय, सतत मॉनिटरिंग एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण परिणाम सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक के दौरान निगम अधिकारियों को दिए।

निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान नगर के जर्जर भवनों के संबंध में धीमी गति से कार्यवाही किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आम जनमानस की सुरक्षा को दृष्टिगत रख गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि उपयंत्री अपने अपने वार्डों में रोजाना भ्रमण कर जर्जर भवनों पर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें कि अब उनके वार्ड में कोई भी जर्जर भवन नहीं है।

### शिकायतों का हो संतुष्टिपूर्ण निराकरण

बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकतम शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार शिकायत करने की आवश्यकता न पड़े। समय-सीमा में दर्ज प्रकरणों एवं महापौर जनसुनवाई के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि हर आवेदन नागरिक की अपेक्षा और विश्वास से जुड़ा होता है, इसलिए सभी प्रकरणों का निर्धारित समय में निराकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों आयोगों में लंबित मामलों के समयबद्ध निराकरण पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### योजनाओं के क्रियान्वयन में लायें गति

प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत पूर्ण, प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यों सहित रिकवरी एवं आर.सीसी के प्रकरणों 2.0 के तहत स्वीकृत डी.पी.आर, किश्त भुगतान सर्वे एवं जियो टैग की प्रगति की समीक्षा कर कर योजना में गति लाने के निर्देश दिए। जबकि योजना के ए.एच.पी घटक के तहत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी एमआईजी विद्युतीकरण कार्य की वर्तमान स्थिति के साथ ही आधिपत्य एवं हितग्राहियों द्वारा जमा राशि की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

बताया गया कि विद्युतीकरण का कार्य 90 फीसदी पूर्ण कर लिया गया है। तथा 1390 हितग्राहियों द्वारा 17.75 करोड रूपये जमा किये गए है। निगमायुक्त ने योजना के तहत नवीन पात्र हितग्राहियों का गृह प्रवेश कार्यक्रम हेतु समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के भी निर्देश नोडल अधिकारी को दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने अमृत 1.0 एवं 2.0 के तहत पाइपलाइन विस्तार, हाउस कनेक्शन, एसटीपी सिविल वर्क, रोड रेस्टोरेशन, ओवर टैंक, वाटर कनेक्शन आदि की भी समीक्षा कर वर्षा पूर्व रेस्टोरेशन का कार्य वर्षा पूर्व कराने के निर्देश दिए।



# दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरगवां क्षेत्र में एक स्पा सेंटर के सामने मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई इस हिंसक झड़प में धारदार हथियारों का खुलकर इस्तेमाल हुआ जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लखेरा निवासी 21 वर्षीय विधान राय का कुछ स्थानीय युवकों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के खून के प्यासे हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बीच सड़क पर जमकर लात-घूंसे और धारदार हथियार चले। इस संघर्ष में विधान राय और उसके साथियों सहित दूसरे पक्ष के लोग भी घायल हुए हैं। सरेराह हो रहे इस उपद्रव की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि सूचना मिलने के काफी देर बाद तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। यदि पुलिस समय पर पहुंचती तो शायद संघर्ष को जल्दी रोका जा सकता था। घटना के बाद पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल की शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान के लिए घटनास्थल और स्पा सेंटर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सीईओ के अवकाश पर होने से मातहत स्टाफ कर रहा मनमनी**

# कर्मचारियों की मनमानी कार्यप्रणाली से समय पर नहीं हो रहे कार्य, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा







शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों की मनमानी में किसी भी तरह का कोई भी सुधार नजर नही आ रहा है। बड़वारा जनपद में कर्मचारियों की मनमानी व्याप्त-बड़वारा जनपद कार्यालय में इन दिनों कर्मचारियों की अपनी ही मनमर्जी चलती है जिनका जब जितने समय कार्यालय आने का मन हुआ आये वरना नहीं आये। जनपद कार्यालय बड़वारा में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से लोग शासकीय कार्य करबाने आते हैं किंतु कर्मचारियों के नही मिलने से निराश होकर वापस घर जाने को बाध्य होना पड़ता है।

शासन द्वारा कर्मचारियों के कार्यालय वक्त पर आने व कार्यालय से कार्यदिवस समाप्त होने पर कार्यालय से जाने की सारी गतिविधियों की निगरानी के लिए लगवाये गए कैमरों से फुटेज देखकर यदि कार्रवाई की जाए तो कर्मचारियों के समय पर कार्यालय आने व कुर्सी पर कर्मचारियों की मौजूदगी की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जनपद कार्यालय में स्टाफ के अधिकतर कर्मचारी अप डाउन करते हैं जिसके चलते कार्यालय के कार्य प्रभावित होते हैं एवम दूरस्थ क्षेत्रों से कार्य करबाने आने वाले लोगों को भी हताश होना पड़ता है।

### इनका कहना है

इस संबंध में जनपद सीईओ बड़वारा प्रभा तेकाम का कहना है कि मैं कुछ दिनों से अवकाश पर थी। आपके द्वारा कर्मचारियों की मनमानी व समय पर कार्यालय नही आने की जानकारी दी गई है मैं दिखवाती हूँ जिन लोगों ने लापरवाही की है उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## समय कैम्प में बच्चे सीख रहे खेलों की बारीकियां



तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा समर कैंप आयोजित किया जा रहा है जो 5 जून तक चलेगा। प्रत्येक दिन सुबह प्रार्थना सभा, योगा कला ,गायन ,वादन, नृत्य ,व्यायाम एवं खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। वालीबाल , खो खो, कबड्डी , दौड़ ,रस्सी कूद खेलों की गतिविधियां आयोजित हो रही हैं। खेल प्रशिक्षको के द्वारा स्कूली बच्चों को खेल की बारीकियां सिखाई जा रही है।जिनमें बालक_बालिकाएं उत्साह के साथ हिस्सा ले रहे हैं।खेल समन्वयक चेतना झा ने कहा कि इससे बच्चों में मानसिक ,बौद्धिक एवं शारीरिक विकास संतुलित होगा। बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग कर खेलों की बारीकिया सीख रहे हैं।बच्चों को प्रतिभावान बनाने के लिए इस समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है । खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 5 जून तक ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा।समर कैंप पर प्रतिदिन सुबह 6 से 8 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।जिसमे वॉलीबाल ,खो-खो, कबड्डी एवं फुटबाल का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।बहोरीबंद मे भी चल रहा प्रशिक्षण-ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत खेलो बढ़ो अभियान के तीसरे चरण में बहोरीबंद के पाठशाला स्कूल में बच्चों को नीरज चोपड़ा की बॉपिक दिखयी गई और खेल विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई !इस दौरान राकेश विश्वकर्मा,ललित रजक, योगेश दाहिया,,सौरभ राजपूत उपस्थित रहे।

# विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में यूनिटी क्रिकेट क्लब कटनी द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर खेलप्रेमी एवं युवा खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए, विशिष्ट अतिथि के रूप में साक्षी शुक्ला उपस्थित रहीं।

समापन समारोह के दौरान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं विजेता टीमों को ट्रॉफी मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के सम्मान के दौरान मैदान तालियों की गूंज से भर उठा और खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों ने अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि खेलकूद केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, मजबूत मानसिकता और अनुशासित जीवन का आधार है।

उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का बेहतर मंच प्रदान करती हैं।

विशिष्ट अतिथि साक्षी शुक्ला ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विरेंद्र तिवारी एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

**कलेक्ट्रेट के सामने किया पुतला दहन, पुलिस ने किया पानी की बौछार**

# अव्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली के विरोध में ओबीसी महासभा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ओबीसी महासभा के कार्यकर्ताओं ने गेहूं खरीदी केंद्रों में हो रहे भ्रष्टाचार और पुलिस प्रशासन की कथित सुस्त कार्यप्रणाली के विरोध में कलेक्ट्रेट के सामने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब कार्यकर्ताओं ने विजयराघवगढ़ विधायक और ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी का पुतला दहन किया। ओबीसी महासभा का आरोप है कि जिले के गेहूं खरीदी केंद्रों विशेषकर कांटी केंद्र पर किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। कार्यकर्ताओं के अनुसार वहां घटिया अनाज तौला जा रहा है और भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसान अपनी समस्याओं को लेकर परेशान हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन और विधायक इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसी नाराजगी के चलते कार्यकर्ताओं ने विधायक का पुतला फूंका।

प्रदर्शन के दौरान ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी पर भी गंभीर आरोप लगाए गए। महासभा के पदाधिकारियों का कहना है कि थाना प्रभारी क्षेत्र के दबंगों को संरक्षण दे रहे हैं। आदिवासियों की जमीन हड़पने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। एक पीड़ित महिला को रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पांच दिनों तक थाने के चक्कर काटने पड़े और अंत में उसे वहां से भगा दिया गया। इन आरोपों को लेकर कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी का भी पुतला दहन किया। जैसे ही प्रदर्शनकारियों ने पुतला दहन शुरू किया वहां तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया।

माहौल बिगड़ता देख और आग पर काबू पाने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन (पानी की बौछार) का इस्तेमाल करना पड़ा। इस दौरान कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर काफी देर तक अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति बनी रही। ओबीसी महासभा ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की हैं कि खरीदी केंद्र प्रभारी अनमोल दुबे को तुरंत हटाया जाए। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी को पदमुक्त किया जाए। संगठन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**बेझिझक दें सही-सही जानकारी, पूरी तरह रहेगी गोपनीय**

# डिजिटल जियो-मैपिंग व एच.एल.ओ एप से मकान सूचीकरण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत एक मई 2026 से 30 मई तक संचालित प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना का कार्य प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

इस चरण में डिजिटल जियो-मैपिंग के माध्यम से मकानों का सूचीकरण एवं आवास संबंधी जानकारी एकत्रित की जा रही है। सर्वे कार्य के दौरान जनगणना 2027 - हाउस लिस्ट (एच.एल.ओ) ऐप का उपयोग कर डेटा को ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सटीक बन रही है। गत 01 मई से शुरू हुआ जनगणना का प्रथम चरण 30 मई तक चलेगा। प्रगणकों द्वारा घर-घर पहुँचकर मोबाइल एप पर निर्धारित प्रपत्र में जनगणना संबंधी 34 बिंदुओं में जानकारी भरी जा रही है। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी प्रगणकों द्वारा किया जा रहा है। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जांच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा। साथ ही चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुनः सत्यापन कर त्रुटियां ठीक करायेगे।

जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का काम किया जायेगा। जिसमें 34 बिंदुओं में जानकारी संकलित होगी। इसमें भवन व मकान नम्बर सहित मकान की स्थिति, परिवार क्रमांक, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, मकान किराए का है अथवा स्वयं का, कमरों की संख्या, परिवार के विवाहित दंपत्तियों की संख्या, पेयजल के मुख्य स्त्रोत, पेयजल स्त्रोतों की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय की सुगमता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था, रसोई घर व एलपीजी-पीएनजी कनेक्शन, खाना पकाने के लिये प्रयुक्त मुख्य ईंधन, रेडियो,ट्रांजिस्टर व टेलीविजन की उपलब्धता, इंटरनेट सुविधा, लैपटॉप, कम्प्यूटर की उपलब्धता, टेलीफोन, मोबाइल फोन व स्मार्टफोन इत्यादि की उपलब्धता, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप व वैन, परिवार द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले अनाज, मसलन चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का व अन्य खाद्यान्न एवं मोबाइल फोन इत्यादि जानकारी शामिल है।

नगर निगम आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री तपस्या परिहार ने नगरवासियों से अपील की कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी। साथ ही ऐसा स्पष्ट प्रावधान है कि आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। निगमायुक्त ने कहा कि जनगणना के आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं।

# मां के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन और प्रियंका बहन वैष्णवी बहन के नेतृत्व में मातृ दिवस के अवसर पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम शुभारंभ करते हुए प्रियंका बहन ने कहा कि राजयोग एवं आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से परिवारों में प्रेम शांति और संस्कार बढ़ाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि जब मां मानसिक रूप से सशक्त और संस्कारात्मक होती है तब पूरा परिवार सुखी और समृद्ध बनता है उन्होंने कहा कि मां है तो संसार है और संसार का पहला परिचय भी मां ही करती है मां के स्नेह अनुशासन और संस्कारों से ही अच्छे नागरिको का निर्माण होता है ।

बीके लक्ष्मी बहन ने कहा कि मां के बिना जीवन और इस सुंदर संसार की कल्पना संभव नहीं है बच्चों से अपनी मां को समय देने उनका सम्मान करने और उन्हें परिवार में उनकी विशेष भूमिका का एहसास करने का आव्हान किया उन्होंने कहा कि मां का प्यार निसार्थ और बिना किसी अपेक्षा के होता है भगवान हर जगह नहीं हो सकता मां को बनाया और मां बच्चों के जीवन की उसे ज्योति की तरह है जो खुद जलकर बच्चों के जीवन रोशन करती है । मातृ शक्तियों के सम्मान में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई।

जीवन में मां का क्या महत्व है विषय पर गीत नृत्य के माध्यम से नन्हे बच्चों द्वारा माता के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया गयासभी ने मात्र शक्तियों के महत्व पर अपना अपने विचार रखें । कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी को रोचक गेम खिलाए गएऔर मात्र शक्तियों का सम्मान कर बच्चों को पुरष्कृत किया गया । इस अवसर पर बीके अनिता बहन दुर्गा बहन वैष्णवी बहन नेहा बहन मंगला बहन मी ना बहन रानी शर्मा सहित अन्य का सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**

### विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई आज

**दमोह।** ऊर्जा विभाग दमोह के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित वितरण केन्द्र कार्यालय स्तर पर भी "जन सुनवाई" कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में 12 मई दिन-मंगलवार को कार्यालय-अधीक्षण अभियंता, म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. जबलपुर नाका-दमोह, संभागीय कार्यालय किल्लाई नाका, दक्षिण संभाग-दमोह, संभागीय कार्यालय जबलपुर नाका, उत्तर संभाग-दमोह एवं दमोह जिले के ऊर्जा विभाग से संबंधित समस्त 21 नं. वितरण केन्द्र कार्यालयों में "जन सुनवाई" कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किया जाता है। अधीक्षण अभियंता अमित चौहान ने सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे अपनी विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु "जन सुनवाई" कार्यक्रम में उपस्थित होकर, अपनी शिकायतों का नियमानुसार निराकरण करायें।

### दो व्यापारियों पर 80 हजार रूपये का अर्थदण्ड

**दमोह।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत मिथ्या छाप सामग्री विक्रय करने पर दोष सिद्ध होने के आरोप में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी मीना मसराम ने जिले के 02 अनावेदकों पर 80 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी रावत (बुधौलिया) द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर जिले की तहसील पटेरा के ग्राम कुम्हारी पुराना बाजार निवासी अनावेदक विकास जैन द्वारा अवमानक मिल्क केक मिथ्या छाप का दोष सिद्ध होने तथा तहसील हटा के सुभाष वार्ड राय चौराहा निवासी संदीप राय पिता जवाहर लाल राय द्वारा पानी पाऊच मिथ्या छाप का दोष सिद्ध होने के आरोप में 40-40 हजार रूपये के मान से अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी भीषण टक्कर, दो युवक गंभीर घायल

**पन्ना।** जिले के सलेहा थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सलेहा-कटन मार्ग पर सलेहा पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जानकारी के अनुसार, बजाज पल्सर बाइक पर सवार दोनों युवक कटन से सलेहा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने तत्काल सलेहा पुलिस को दी। पुलिस ने डायल 100 और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को सलेहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें सतना रेफर कर दिया गया।

# कचरा स्थल पर दफनाए शव के बाद नगर परिषद ने चलाया सफाई अभियान

**लेकिन आसपास रहने वाले लोग दहशत में कहा यहां पर नहीं दफना था शव को, शाम 7 बजे के बाद लोगों ने किया मार्ग पर जाना बंद**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर में अज्ञात शव को कचरा ढोने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली में ले जाकर कचरा निष्पादन स्थल पर दफनाने के मामले ने नगर में व्यापक आक्रोश पैदा कर दिया है। घटना सामने आने के बाद सोमवार सुबह नगर परिषद प्रशासन हरकत में आया और मौके पर ट्रैक्टर, जेसीबी मशीन तथा सफाई कर्मचारियों की टीम भेजी गई। नगर परिषद द्वारा पूरे क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जेसीबी की मदद से आसपास फैले कचरे को हटाया गया, जमीन समतल कराई गई और संक्रमण की आशंका को देखते हुए पूरे इलाके में चूने की लाइनें डलवाई गईं। कर्मचारियों ने कचरा निष्पादन स्थल के आसपास की गंदगी साफ कर क्षेत्र को व्यवस्थित करने का प्रयास किया। हालांकि सफाई कार्य के बावजूद स्थानीय लोगों का आक्रोश कम नहीं हुआ। रहवासियों का कहना है कि केवल सफाई कराने से मामला समाप्त नहीं हो जाता, बल्कि जिस तरीके से शव को कचरा वाहन में ले जाकर दफनाया गया, उससे लोगों की भावनाओं को आहत किया है। क्षेत्र में रहने वाले नर्मदा सेन, रुपलाल अहिरवार, संतोष अहिरवार, सुखरानी बाई, देवेंद्र सेन, गोलू सेन, पानबाई, कविताबाई, लक्ष्मीरानी, संध्या केवट, सपना अहिरवार और प्रभाबाई ने बताया कि उन्हें शनिवार को शव दफनाने की जानकारी नहीं दी गई थी। रविवार को जब उन्हें घटना का पता चला तो पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया और रातभर लोग दहशत में रहे। रहवासियों ने बताया कि कई परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और घरों में शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं हैं, जिसके कारण उन्हें खुले में जाना पड़ता है। ऐसे में रहवासी इलाके के समीप शव दफनाया जाना लोगों के लिए चिंता और असुरक्षा का कारण बन गया है। मामले में यह तथ्य भी सामने आया है कि जिस स्थान पर शव दफनाया गया वह वन विभाग की भूमि है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर बी. डी. सेन ने बताया कि कचरा निष्पादन केंद्र वन भूमि पर संचालित हो रहा है और विभाग द्वारा कई बार नगर परिषद को यहां कचरा न डालने के संबंध में पत्र लिखे जा चुके हैं। इसके बावजूद लगातार कचरा डाला जा रहा है, जिससे वन क्षेत्र और प्लांटेशन प्रभावित हो रहे हैं। नगर परिषद ने शव वाहन उपलब्ध नहीं होने की बात बताई है, जबकि प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### इनका कहना है

इस पूरे मामले को लेकर नगर परिषद सीएमओ प्रेम सिंह चौहान ने बताया कि जिस जगह पर शव को दफनाया गया है वहां सुबह टीम भेजकर साफ सफाई करवाई गई है क्योंकि अब स्थान नहीं बदला जा सकता जब तक शव की शिनाख्त नहीं हो जाती।

इस संबंध में तेंदूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वामी ने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सेक्टर बैठक का हुआ आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद तेंदूखेड़ा द्वारा सेक्टर झलौन में नवांकुर संस्था महाराणा प्रताप जन कल्याण शिक्षण संघ के माध्यम से ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोहड़, पुरा, सेहरी, झलौन एवं धनेटा सहित विभिन्न समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही आगामी 25 मई को गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को ग्राम स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित करने हेतु विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान समितियों के साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम पर भी चर्चा की गई। पर्यावरण संरक्षण, सबके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, नर्सरी निर्माण एवं पौधारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। सीएम इंटर्न जितेंद्र यादव द्वारा जैविक खेती को लाभकारी व्यवसाय बताते हुए सब्जी उत्पादन, खेत तालाब योजना एवं कृषि से जुड़े अन्य विषयों पर उपस्थित सदस्यों को जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में दुर्जन सिंह लोधी, दादा लक्ष्मी पटेल, मुकेश कुमार जैन, कल्लू भाई, राजेंद्र साहू, अमित कुमार एमएसडब्ल्यू छात्र, आचार्य दशरथ सिंह लोधी, नन्हे वीर, मुकेश पटेल, रामबाबू, मंगल, अमित जैन, गोपाल विश्वकर्मा, राजाराम, सुन्नी यादव, विश्वकर्मा नाना दादा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**हाई स्कूल से आगे नहीं बढ़ पा रही पढ़ाईः**

## रोड स्कूल के उन्नयन न होने से छात्राएं सबसे ज्यादा प्रभावित



**बनवार।** जिले के जबेरा जनपद अंतर्गत स्थित रोड हाई स्कूल का हाई सेकेंडरी में उन्नयन न होने से क्षेत्र के छात्रों, विशेषकर छात्राओं की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ रहा है। 10वीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए उन्हें कई किलोमीटर दूर बनवार या बम्होरी जाना पड़ता है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि दूरी अधिक होने के कारण खासकर लड़कियों की पढ़ाई बीच में ही छूट रही है। सुरक्षित और नजदीकी उच्च शिक्षा की सुविधा न होने से ग्रामीण अंचलों में ड्रॉपआउट दर लगातार बढ़ रही है, जो चिंता का विषय है।

#### 400 से अधिक छात्र, फिर भी नहीं हुआ उन्नयन

रोड हाई स्कूल में नए शिक्षा सत्र में 400 से अधिक छात्र-छात्राएं दर्ज हैं। इसके बावजूद आज तक स्कूल को हाई सेकेंडरी में अपग्रेड नहीं किया गया है, जबकि स्कूल में सर्वसुविधायुक्त भवन भी तैयार है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन के लिए इस स्कूल को अपग्रेड करने में कोई बड़ी अतिरिक्त लागत भी नहीं आएगी।

#### ग्राम सभाओं में प्रस्ताव, फिर भी कार्रवाई नहीं

सगरा, रोड, रिछई, गोला पट्टी, मझगांवा, मनगुंवा घाट सहित कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों द्वारा ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित कर स्कूल के उन्नयन की मांग की जा चुकी है। इसके अलावा जगदीश सिंह, मनोज चौरसिया, बबलू सिंह सहित क्षेत्र के कई ग्रामीण लंबे समय से इस मांग को उठा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है।

#### जनप्रतिनिधियों को सौंपा गया था ज्ञापन

17 दिसंबर 2022 को पानी की टंकी के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक, तत्कालीन केंद्रीय मंत्री एवं दमोह सांसद को भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया था। उस दौरान स्कूल को हाई सेकेंडरी में उन्नयन करने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन आज तक यह मांग अधूरी ही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि रोड हाई स्कूल को जल्द से जल्द हाई सेकेंडरी में उन्नत किया जाए, ताकि क्षेत्र के बच्चों, खासकर बेटियों को नजदीक ही उच्च शिक्षा का अवसर मिल सके।

**नल कनेक्शन कितने हैं, नहीं है सत्यापन,नल जल योजना बनी नोट छापने की मशीन....**

# ग्राामीण क्षेत्रों में पानी के लिए मची हाहाकार एक सप्ताह की अंतराल से आ रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

कल की जल जीवन मिशन योजना आज की नल जल योजना बन गई नल जल योजना को कागजों में संचालित करने वाला जल निगम विभाग उसी ढंग से नल जल योजना का संचालन कर रहा है। शासन की मंशा है, हर घर में शुद्ध जल शुद्ध क्वालिटी के साथ घर-घर पर जाए यानी हर घर में पानी हो यह सरकार ने इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए इस योजना का नाम बदलकर जल जीवन मिशन के नाम पर परिवर्तित किया, लेकिन विभाग के अधिकारियों शासन की योजना को असफल करने का प्रयास कर रहे हैं। हटा विकासखंड में नल जल योजना की जमीनी हकीकत विभाग के दावों के उलट है। हम आपको जमीनी हकीकत से रूबरू कर रहे हैं।

#### कितनी ग्राम पंचायत में स्कीम चालू

विभाग के अधिकारी यह बताएं कि नल जल योजना किस ग्राम पंचायत में चालू है कितने लोग इस योजना से लाभान्वित हैं और कितनी राशि लाभान्वित लोगों से मिल रही है नल कनेक्शन धारी की सूची का सहायक यंत्री और कार्यपालन यंत्री ने जो भौतिक सत्यापन किया है उसे भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट को सार्वजनिक कर दिया जाए तो सच और झूठ में कितना फर्क होता है यह जनता के सामने आ जाएगा जब स्कीम चालू है तो अधिकारियों ने सत्यापन किया जो सफेद झूठ का परिंदा है।

#### अधूरी योजना पंचायत को स्वीकार नहीं-

देश की तीसरी सरकार ने नल जल योजना की स्कीम पूर्ण नहीं होने पर पंचायत में इस योजना को हाथ में लेने से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। विभाग पहले भी एक नल कनेक्शन चालू कर पूरी स्कीम को चालू करने का झांसा देकर ग्राम पंचायत को बेवकूफ बना चुका है। अब गांव की सरकार स्कीम को पूरे गांव में एक साथ प्रारंभ कर दिखाने के बाद पंचायत इसे स्वीकार करेगी। पंचायत पर जनपद पंचायत भी दबाव डाल रही है लेकिन गांव की सरकार में निर्णय सुना दिया है।

#### विभाग के आसमानी दावे

जल निगम विभाग नल जल योजना को सफल बता रहा है इससे जनता आसमानी दावे बता रही है जमीन पर नल पानी नहीं हवा दे रहे हैं पाइपलाइन टूटी-फटी पड़ी है टंकी में होल हो गया है मोटर जली पड़ी है स्कूलों में पानी सप्लाई बंद पड़ी है, जिन गांवों में पानी की सप्लाई चालू है उन गांव की टंकियां भी पूरी नहीं भर रही है एक सप्ताह या 10 -12 दिनों में पानी की सप्लाई की जा रही है। इसके अलावा गांवों में पीएचई द्वारा लगाए गए अधिकांश हैंडपंप हवा उगल रहे हैं कुआं भी सूख चुके हैं। लोग दूर दराज खेतों में बने कुओं से पानी लाकर अपनी प्यास बुझाने मजबूर है। जिससे भीषण गर्मी के दौर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। लेकिन विभाग के रिकॉर्ड में कागजी हाथी दौड़ाएं जा रहे हैं लोग कह रहे हैं जल निगम के अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार का कारखाना बन गई है।

#### इनका कहना है

अधिकतम ग्राम पंचायत में स्कीम चालू है कई ग्राम पंचायत में कार्य प्रगति पर है, पूर्ण जानकारी हमारे पास नहीं है हटा में चालू स्कीम की जानकारी उप प्रबंधक स्वाति जैन आपको उपलब्ध करा दूंगा। जब उप प्रबंधक से फोन पर बात करनी चाही तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया।

**पंकज सूर्यवंशी**
**डिप्टी मैनेजर उपखंड कार्यालय जल निगम, हटा**

## आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली के विरोध में संगठन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा जबेरा एवं भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा दमोह द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिले में बढ़ रहे अवैध शराब कारोबार एवं आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने आरोप लगाया जिले की विभिन्न तहसीलों में आबकारी विभाग की मिलीभगत से शराब दुकानों का अनियमित संचालन किया जा रहा है तथा गांव-गांव अवैध रूप से शराब पहुंचाकर बिक्री कराई जा रही है।

संगठन का कहना है कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा एवं नियमों का पालन शराब दुकानों में नहीं किया जा रहा। कई दुकानें समय से पहले खोली जा रही हैं और देर रात तक संचालित होती हैं। वहीं शराब ठेकेदारों द्वारा गांवों में अवैध रूप से शराब भिजवाने का भी आरोप लगाया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि अवैध शराब परिवहन करते पकड़े जाने पर केवल कर्मचारी ही नहीं बल्कि मुख्य ठेकेदार एवं विक्रेता को भी सह आरोपी बनाया जाए। साथ ही स्कूल, मंदिर, अस्पताल एवं रिहायशी क्षेत्रों के समीप संचालित शराब दुकानों को हटाकर अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए। संगठन ने प्रत्येक शराब दुकान पर स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक करने, कर्मचारियों के नाम एवं फोटो प्रदर्शित करने तथा आपराधिक रिकॉर्ड वाले व्यक्तियों को कार्य पर न रखने की मांग भी उठाई। वहीं अवैध शराब बिक्री पाए जाने पर संबंधित पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम एवं सार्वजनिक हेल्पलाइन नंबर जारी करने की मांग भी रखी गई, ताकि शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई हो सके।

संगठन ने बताया कि वह वर्षों से जिले में नशामुक्ति अभियान चला रहा है और 200 से अधिक ग्राम पंचायतों में नशामुक्ति के प्रस्ताव पारित कराए जा चुके हैं। इसके बावजूद गांवों में दोबारा अवैध शराब पहुंचाई जा रही है।ग्राम देवरान का उल्लेख करते हुए संगठन ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों के विरोध के बाद शराब दुकान सील की गई थी, लेकिन बाद में सील तोड़कर बड़ी मात्रा में शराब गांवों में भेजी गई। इस दौरान संगठन की कार्यकर्ता एवं भारतीय शक्ति चेतन पार्टी की किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह राजपूत ने कलेक्टर नारायण प्रताप यादव से कहा कि दमोह जिले में अवैध शराब का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को जहां का लाइसेंस दिया गया है, उन्हें उसी क्षेत्र में शराब बेचनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में गांव-गांव अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इस पर कलेक्टर नारायण प्रताप यादव ने कहा कि प्रशासन जल्द विशेष अभियान चलाएगा तथा एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा, ताकि अवैध शराब की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जा सके। वहीं संगठन के कार्यकर्ताओं ने जिले के आबकारी अधिकारियों की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आरोप लगाया कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। इस पर कलेक्टर ने कहा कि उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने कार्यों का जिम्मेदारी एवं ईमानदारी के साथ पालन करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंत में संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## पर्यटन क्विज के विजेताओं ने किया पचमढ़ी का भ्रमण



**दमोह।** मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 के विजेता छात्र-छात्राओं का पचमढ़ी भ्रमण 7 से 9 मई 2026 को संपन्न हुआ। इसके तहत सांदीपनि विद्यालय जबेरा से आराध्या राय, पूजा शर्मा एवं सत्यम साहू सांदीपनि विद्यालय दमोह से चक्रेश पटेल, आदित्य गुप्ता एवं अभिषेक विश्वकर्मा उत्कृष्ट विद्यालय जबेरा से आयुष पाटकार, अविनाश प्रजापति ने पचमढ़ी में विभिन्न पर्यटक स्थलों जिनमे बी फॉल, जटाशंकर, हांडी खोह,राजेंद्र गिरी, पचमढ़ी लेक, धूपगढ़, पांडव गुफा, गुप्त महादेव, बड़ा महादेव, इको पॉइंट आदि का आनंद उठाया। पर्यटन विकास बोर्ड की ओर से सभी विद्यार्थियों को होटल अमलतास एवं ग्लेन व्यू में रूकने एवं खाने की व्यवस्था की गई। सांदीपनि विद्यालय की शिक्षिका शालिनी आठ्या एवं क्विज मास्टर मोहन राय ने सभी विद्यार्थियों के भ्रमण में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

# असाटी महिला समिति ने मनाया मातृ दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

असाटी महिला समिति द्वारा 10 मई 2026 रविवार को मातृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास व स्नेह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ हुआ. श्रीमती सुनीता असाटी (अप्सरा वाले) द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में संरक्षक मंडल एवं मार्गदर्शक मंडल की महिलाओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर अखिल भारतीय महासभा के दमोह क्षेत्र से मनोनीत महिला पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। महिला महामंत्री श्रीमती शैलजा असाटी, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती कंचन असाटी व मीडिया प्रभारी श्रीमती डॉली असाटी को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही 55 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को भी उपहार प्रदान किए गए। उपस्थित सभी मातृ शक्तियों के लिए मनोरंजक गेम का आयोजन किया गया। गेम में प्रथम विजेता श्रीमती मनीषा असाटी और द्वितीय विजेता श्रीमती नंदा असाटी रहीं। कार्यक्रम में प्रियल ज्योति असाटी मां-बेटी द्वारा सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई.गीत-संगीत में श्रीमती किशोरी असाटी (प्रतीक परिवार), श्रीमती विनीता असाटी, श्रीमती द्रौपदी असाटी, श्रीमती रानी असाटी और ममता असाटी ने सहभागिता की.कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## स्वास्थ्य केंद्र पथरिया को मिली दो व्हीलचेयर

**दमोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में भारत आईटी सेल के CEO श्री सचिन जैन द्वारा अस्पताल में मरीजों की सुविधा हेतु 02 व्हीलचेयर दान की गईं। इस दान के माध्यम से अस्पताल में आने वाले बुजुर्ग, दिव्यांग एवं असहाय मरीजों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी। सचिन जैन ने कहा कि समाज के प्रति प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी/कर्मचारी एवं समाजसेवी रोहित जैन उपस्थित जनसमुदाय ने श्री जैन के इस योगदान की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। अंत में अस्पताल प्रबंधन द्वारा सचिन जैन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## कुम्हारी पुलिस के द्वारा सघन अभियान जारी

**दमोह।** जिले मे लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को देखते हुए पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मुख्य चौक-चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर पुलिस टीम द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी बृजेश पांडे के नेतृत्व में टीम के द्वारा चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, तीन सवारी, नाबालिग वाहन चालक तथा दस्तावेजों के अभाव में चल रहे वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी। पुलिस ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं तथा तेज गति से बचें। अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर संगोष्ठी एवं जागरूकता अभियान आयोजित

**तेंदूखेड़ा।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "मानवता के लिए एकजुट" के तहत रेड क्रॉस विषय पर संगोष्ठी एवं नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील गिरी द्वारा रेड क्रॉस की गतिविधियों एवं उसके सामाजिक महत्व की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्राचार्य श्री ठाकुर ने रेड क्रॉस वालंटियर्स को जनसेवा, स्वच्छता एवं समाजसेवी कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी छात्र-छात्राओं को "मानवता के लिए एकजुट" रहने का संदेश देते हुए रेड क्रॉस के प्रति समर्पण भाव एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने सराहनीय योगदान दिया। इसी अवसर पर देश में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। रेड क्रॉस वालंटियर्स द्वारा रैली निकालकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों एवं उससे होने वाली हानियों के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आसपास के चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में पहुंचकर जनमानस को नशा मुक्ति का संदेश दिया तथा सभी से अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की, ताकि समाज एवं देश को नशामुक्त बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री श्री परमार 14 मई को आयेंगे दमोह

**दमोह।** प्रदेश के उच्च शिक्षा, आयुष, तकनीकी शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार की अध्यक्षता में 14 मई 2026 को अपरान्ह 3 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने निर्देशित किया है।

### जल समस्या को लेकर कलेक्टर यादव सख्त

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया पानी समस्या के मामले में अधिकारियों और पी.ओ. डूडा (**PO DUDA**) को तत्काल निर्देशित किया हैं कि इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होना चाहिए। अधिकारियों उनके द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत कटौती या अन्य कारणों के कारण यह विलंब हुआ है, आगे से ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होगी।

### गणना का व्यापक प्रचार-प्रसार

**दमोह।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत प्रगणकों द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दीवार लेखन, नारे लेखन एवं आमजन से संवाद स्थापित कर जनगणना के महत्व को समझाने का कार्य किया गया। प्रगणक साथियों द्वारा नागरिकों को यह जानकारी दी जा रही है कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश के विकास एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण के लिए आधारभूत जानकारी उपलब्ध कराते हैं।

## पीएम आवास की किस्त के नाम पर रिश्वतखोरी
# लोकायुक्त के शिकंजे में आया पंचायत सचिव, 6 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

तेंदूखेड़ा विकासखंड अंतर्गत तेजगढ़ ग्राम पंचायत में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब सागर लोकायुक्त पुलिस ने पंचायत सचिव जुगराज सिंह लोधी को प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त जारी करने के एवज में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में ग्राम पंचायत के चौकीदार गुड्डा रैकवार को भी आरोपी बनाया गया है। लोकायुक्त टीम ने पंचायत भवन परिसर में योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए सचिव को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा। बताया जा रहा है कि रिश्वत की राशि लेने के बाद सचिव ने पैसे चौकीदार को सौंप दिए थे। कार्रवाई के दौरान जब दोनों आरोपियों के हाथ धुलवाए गए, तो केमिकल की वजह से उनके हाथ लाल हो गए, जिससे रिश्वत की रकम छूने की पुष्टि हुई।

### पीएम आवास की दूसरी किस्त के लिए मांगे जा रहे थे पैसे

तेजगढ़ निवासी महेंद्र कोष्ठी ने सागर लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि उनकी पत्नी के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 20 हजार रुपये स्वीकृत हुए थे। आरोप है कि दूसरी किस्त जारी करने के बदले पंचायत सचिव जुगराज सिंह लोधी ने 15 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित का कहना है कि जब उसने रिश्वत देने से इनकार किया, तो उसकी दूसरी किस्त रोक दी गई। बाद में उसे सरपंच से मिलने की बात कही गई, जहां सरपंच प्रतिनिधि द्वारा भी 10 हजार रुपये की मांग की गई। काफी परेशान होने के बाद अंततः 6 हजार रुपये में सौदा तय किया गया।

### पहले दिए 4 हजार, फिर लोकायुक्त से की शिकायत

महेंद्र कोष्ठी के अनुसार, वह पहले ही 4 हजार रुपये दे चुका था, लेकिन लगातार हो रही मांग और किस्त अटकने से परेशान होकर उसने 16 अप्रैल को सागर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। लोकायुक्त टीम ने तय योजना के अनुसार जैसे ही सचिव ने रिश्वत की राशि ली, तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। इस पूरे घटनाक्रम में चौकीदार गुड्डा रैकवार की भूमिका सामने आने पर उसे भी आरोपी बनाया गया।

### भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज

लोकायुक्त निरीक्षक मंजू किरण तिर्की ने बताया कि शिकायत की पुष्टि होने के बाद टीम ने तेजगढ़ पंचायत में दबिश देकर कार्रवाई की। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई के बाद पंचायत व्यवस्था और सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। वहीं आमजन लोकायुक्त की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी पहल मान रहे हैं।

कार्रवाई में सागर लोकायुक्त टीम के निरीक्षक मंजू तिर्की, रंजीत सिंह, प्रधान आरक्षक अजय, संतोष गोस्वामी, राघवेंद्र सिंह, आदेश तिवारी, गोपी प्यासी, प्रदीप दुबे, नीलेश चौबे एवं मदन लड़िया शामिल रहे। वहीं तेजगढ़ थाना टीम से एचआर रघुराज सिंह, प्रवीण पटेल, शैलेंद्र सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

## गौ सेवा का अनूठा प्रयासः घरों से बचा हुआ खाना गौशाला तक पहुंचा रही गो ग्रास गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला द्वारा द्वारा नगर में गौ सेवा और खाद्य संरक्षण को लेकर एक सराहनीय पहल की जा रही है। केंद्र की ओर से "गो ग्रास गाड़ी" सुबह और शाम नगर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में भ्रमण कर रही है। इस वाहन के माध्यम से लोगों के घरों में बचा हुआ भोजन एकत्रित किया जा रहा है, जिसमें दाल, चावल, रोटियां, कटी हुई सब्जियों के छिलके तथा अन्य उपयोगी खाद्य सामग्री शामिल है। एकत्रित भोजन को गौशाला में मौजूद गायों और बैलों को खिलाया जा रहा है। गौशाला अध्यक्ष संजय जैन स्वयं सुबह से वाहन लेकर नगर में निकलते हैं और घर-घर जाकर लोगों से बचा हुआ भोजन एकत्रित करते हैं। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य एक ओर गौवंश के लिए भोजन की व्यवस्था करना है, वहीं दूसरी ओर घरों में बचा हुआ खाना बर्बाद होने से बचाना भी है। नगर के लोग भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं और नियमित रूप से गो ग्रास गाड़ी में भोजन सामग्री डाल रहे हैं। संजय जैन ने कहा कि कई बार घरों में बचा हुआ खाना फेंक दिया जाता है, जबकि वही भोजन गौशाला में गायों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। हर घर से प्रतिदिन कम से कम 2 रोटियां गो ग्रास गाड़ी में डाली जाए तो अच्छा होगा इस व्यवस्था से लोगों को पुण्य लाभ भी प्राप्त हो रहा है और गौ सेवा का अवसर भी मिल रहा है। नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से प्रेरणादायक बताया है। आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केंद्र की यह पहल न केवल गौ संरक्षण को बढ़ावा दे रही है, बल्कि खाद्य पदार्थों की बर्बादी रोकने का भी एक सकारात्मक संदेश दे रही है। संस्था ने नगर के अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान में जुड़कर सहयोग करने की अपील की है।

## पांच बस चालकों पर कार्यवाही

**दमोह।** ड्रिंक एण्ड ड्राईव करने वाले 05 बस चालकों पर माननीय न्यायालय द्वारा लगाया गया 50,000 रूपये का जुर्माना। आनंद कलादगी, पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के निर्देशन में एवं सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 09.05.2026 एवं 10.05.2026 को थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक दलबीर सिंह मार्को द्वारा थाना यातायात स्टाफ के साथ शहर के किल्लाई नाका चौराहा पर यात्री बसों के दस्तावेजों की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान ड्रिंक एण्ड ड्राईव करने वाले 05 बस क्रमांक **MP**04 **PA**3043, **MP**41 **P**0997, **MP**34 **ZC**2549, **MP**51 **P**0868 एवं **MP**15 **PA**0226 को जप्त कर थाना परिसर में खडा किया गया था। जिनके प्रकरण आज दिनांक 11.05.2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत किये गये। माननीय न्यायालय द्वारा प्रत्येक बस चालकों पर 10-10 हजार कुल 50,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

## आदिवासी परिवारों का न किया जाये बेदखल-मानक पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हटा विधानसभा की ग्राम पंचायत दमोतीपुरा के अन्र्तगत ग्राम सूरजपुर एवं मनकपुरा के आदिवासी परिवारों बिना कोई पूर्व सूचना अथवा बगैर किसी नोटिस के वन विभाग द्वारा बेदखल किया जा रहा है उनको बेदखल न किया जाये उसको लेकर कलेक्टर महोदय को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि हमारे पास वहां के आदिवासियों के हस्ताक्षर युक्त पत्र प्राप्त हुए है आदिवासी परिवार पन्ना टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाली भूमि पर कुछ वर्षो से काबिज है और वही खेती करके अपना जीवन यापन कर रहे है उन्हें बेदखल करना न्यायसंगत नहीं है।

ब्लाक अध्यक्ष योगेश सराफ गोलु ने कहा कि अनुसूचित जनजाति के परिवारों पर वन विभाग द्वारा बेदखली की कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाई जाये। दावों की निष्पक्ष जांच कर उन्हें नियमानुसार पद आवंटित किये जाये। कांग्रेस संगठन सचिव नितिन मिश्रा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर ने कहा कि अनुसूचित जनजाति पारंपरिक निवास वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 (एफ.आर.ए) के अनुसार जो परिवार 13 सितंबर 2005 से पहिले वन भूमि पर काबिज है उन्हें नियमानुसार नहीं हटाया जायेगा। यदि विस्थापन अनिवार्य है तो पुनर्वास नीति के तहत उचित मुआबजा एवं भूमि प्रदान की जाये। इस अवसर पर प्रफुल्ल श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, आवेश जैन, अवीर, संजू यादव, जमना भील, दिनेश राकेश रमेश की उपस्थिति रही।

## मां की ममता को समर्पित भावपूर्ण पेंटिंग कलेक्टर को भेंट की



**दमोह।** मातृत्व दिवस के अवसर पर जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह से जुड़ी सुधीर-ज्योत्सना जैन की सुपुत्री एवं उभरती युवा कलाकार प्रियंवदा (सेजल) जैन द्वारा बनाई गई एक अत्यंत भावुक एवं संवेदनशील पेंटिंग इन दिनों विशेष चर्चा का विषय बनी हुई है। यह कलाकृति मां की ममता, त्याग, सुरक्षा और निस्वार्थ प्रेम को बेहद मार्मिक रूप में प्रस्तुत करती है। पेंटिंग में मां के अन्य रूपों को भी सुंदरता से दर्शाया गया है — कहीं मां अपने बच्चे को स्नेह से गोद में सुला रही है, कहीं उसका हाथ पकड़कर जीवन की राह दिखा रही है, तो कहीं शिक्षा और संस्कार प्रदान कर रही है। पूरी कलाकृति यह संदेश देती है कि मां केवल जन्म देने वाली नहीं, बल्कि जीवनभर सुरक्षा, संस्कार और प्रेम का आधार होती है। कम उम्र में इतनी गहरी भावनाओं को रंगों और आकृतियों के माध्यम से व्यक्त करना प्रियंवदा (सेजल) जैन की असाधारण कला प्रतिभा को दर्शाता है। मातृत्व दिवस के अवसर पर जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह द्वारा यह विशेष पेंटिंग कलेक्टर श्री यादव को सम्मान स्वरूप भेंट की गई। इस अवसर पर शाखा पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। इतनी कम उम्र में मातृत्व की गहराई को जिस संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है, वह वास्तव में सराहनीय है। यह कलाकृति समाज को मां के महत्व और उसके निस्वार्थ प्रेम का संदेश देती है। जैन मिलन परिवार ने इसे मातृत्व दिवस पर मां को समर्पित एक प्रेरणादायी एवं भावनात्मक पहल बताया।

## दानीताल जंगल के पास सड़क हादसा, बाइक सवार गंभीर घायल

**जबेरा।** दमोह-जबलपुर नेशनल हाईवे पर जबेरा थाना अंतर्गत दानीताल जंगल के पास सोमवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामने से आ रही बस के कारण क्रॉसिंग के दौरान बाइक सवार ने मोटरसाइकिल को साइड में किया, तभी संतुलन बिगड़ने से वह सड़क किनारे जा गिरा। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर नेशनल हाईवे एंबुलेंस सेवा 1033 पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा ले जाया गया। वहां पदस्थ डॉक्टर रवि यादव द्वारा युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। घायल युवक की पहचान विनोद अहिरवाल निवासी अभाना के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी ससुराल से वापस लौट रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## बाइक सवार को टक्कर मारकर आयशर पेड़ से टकराया, चालक की फसने से मौत

**दमोह।** हिंडोरिया मार्ग पर करैया रेल फाटक के समीप रविवार रात बंद हो रहे रेल फाटक को जल्दवाजी में पार करने के चक्कर में एक के बाद एक दो एक्सीडेंट में तीन युवकों की जान मुश्किल में फस गई वहीं एक वाहन चालक की गाड़ी में फसने से मौके पर मौत हो जाने का दुखद दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत करैया फाटक के पास रविवार रेल फाटक के पास हिंडोरिया तरफ जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को पीछे से आ रहे आयशर ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों युवक लहुलुहान होकर सड़क किनारे गिर गए। इधर हादसे के बाद भागने की कोशिश में अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गया। जिससे ट्रक के केबिन में चालक फस कर रह गया। बाद में गंभीर हालत में बाइक सवार तीनों युवक करैया फाटक निवासी विजय गुड्डे और मुलायम अहिरवार को जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जबलपुर रैफर कर दिया गया। इधर मौके पर मौजूद ग्रामीणों के द्वारा आयशर में फसे चालक को निकालने की कोशिश की गई। वही हादसे की सूचना लगने पर मौके पर पहुची जबलपुर नाका चौकी पुलिस के द्वारा भी रेस्क्यू कराकर चालक को निकलवाने के प्रयास किए गए। वहीं बताया जा रहा है कि आयशर में फसे चालक की मौत हो चुकी है तथा क्लीनर निकल कर भाग गया है। जिस जगह पर यह हादसा हुआ वहां पर लंबे समय से ओवरब्रिज निर्माण कार्य चल रहा है डायवर्सन रोड की हालत खस्ता है। संकेतक नहीं होने से अक्सर वाहन चालक भटक जाते हैं ऊपर से रेल फाटक के बार-बार बंद होने से लोग जल्दबाजी में ओवरटेक करके क्रॉसिंग को पार करने की कोशिश करते हैं। यह हादसा भी उसी का नतीजा बताया जा रहा है।

## राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी दिवस का हुआ आयोजन



**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में उच्च शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल के निर्देशानुसार एवं इस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलोक कुमार जैन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी दिवस 2026 का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में संचालक टाइम्स कॉलेज शरद गुप्ता रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व को बताया, कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक वनस्पति विभाग डॉ एन आर सुमन ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में प्रौद्योगिकी के विकास एवं महत्व पर प्रकाश डाला। सहायक प्राध्यापक गणित डॉ. रमेश प्रसाद अहिरवार ने देश एवं विदेश के वैज्ञानिकों के द्वारा किये गए कार्यों का अपने व्याख्यान में उल्लेख किया गया। साथ ही डॉ. रमेश के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उच्च शिक्षा में प्रयोग, महत्व एवं प्रॉम्पट इंजीनिरिंग के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कि गई। कार्यक्रम में डॉ. संध्या पिम्पलापुरे, सह प्राध्यापक डॉ. जी. पी. अहिरवार, डॉ. प्रीति नायक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. मंगल सिंह अहिरवार उपस्थित रहे साथ ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में हटा बाजी मारने को तैयार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर पालिका हटा में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र खरे के नेतृत्व में पूरा अमला शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में दिन-रात जुटा हुआ है। खास बात यह है कि स्वयं सीएमओ राजेंद्र खरे मैदान में उतरकर सफाई कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जिससे कर्मचारियों का उत्साह भी बढ़ा है। रविवार, सोमवार को सीएमओ ने सफाई दल के साथ शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया और मौके पर ही सफाई कार्यों को गति दी। उन्होंने नालियों की विशेष सफाई करवाई, साथ ही उनमें कैमिकल का छिड़काव भी कराया, ताकि दुर्गंध और गंदगी पर नियंत्रण पाया जा सके। प्रमुख चौराहों और मार्गों पर साफ-सफाई के साथ रंग-रोगन का कार्य भी कराया गया है, जिससे शहर की तस्वीर बदलती नजर आ रही है। नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी लगातार की जा रही है। छोटे-छोटे स्तर पर की गई इन कार्यवाहियों का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने के लिए अपील की जा रही है कि कचरा इधर-उधर न फेंककर निर्धारित स्थान पर ही रखें। सड़क किनारे साफ-सफाई, पेंटिंग और हरियाली के प्रयासों ने इस मार्ग को आकर्षक बनाया जा रहा है। नगर पालिका की टीम ने कचरा संग्रहण व्यवस्था को भी मजबूत किया है, जिसमें डोर-टू-डोर कलेक्शन, कचरा वाहनों की नियमित आवाजाही और कचरे के निष्पादन के लिए प्लांट की स्थापना शामिल है। सीएमओ राजेंद्र खरे ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में हटा को प्रदेश की अग्रिम पंक्ति में लाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए हर स्तर पर सुधार कार्य किए जा रहे हैं और नागरिकों का सहयोग भी अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। नगर में चल रहे इन व्यापक प्रयासों को देखते हुए यह उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार हटा नगर पालिका स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश में अपनी मजबूत पहचान बना सकती है।

# समय सीमा बैठक में दिए गए अहम दिशा-निर्देश

### 25 मई को 'गंगा दशमी' पर जिलेभर में होंगे भव्य कार्यक्रम- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान, पेयजल, स्वच्छता सर्वेक्षण एवं विभिन्न प्रशासनिक योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए तथा आमजन को भी अभियान से जोड़ा जाए। उन्होने बताया कि 25 मई को 'गंगा दशमी' के अवसर पर जिलेभर में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों को भव्य स्वरूप दिया जाए, जिसमें रैलियां, कलश यात्राएं एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं।

कलेक्टर श्री यादव ने ग्राम पाठादो में आयोजित रात्रि चौपाल एवं रात्रि विश्राम के दौरान सामने आए मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा क्षतिग्रस्त मकानो आदि का समय पर मुआवजा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, पात्र पेंशन के आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

### उपार्जन व्यवस्था और किसान सुविधाओं पर विशेष जोर

बैठक में उपार्जन कार्यों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाएं बेहतर रखने और समय पर कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

### सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी मामलों की भी हुई समीक्षा

कलेक्टर श्री यादव ने सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिटरिंग, सीएम आवास योजना तथा लोक सेवा गारंटी से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए, ताकि जिले की प्रगति अपेक्षानुसार बनी रहे।

जिले में अवैध उत्खनन की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री यादव ने माइनिंग ऑफिसर और सभी एसडीएम को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा, यदि किसी क्षेत्र में अवैध उत्खनन की गतिविधि पाई जाती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। अधिकारियों को मौके पर कार्रवाई सुनिश्चित करने और नियमित जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए।

अवैध शराब के खिलाफ संयुक्त अभियान

कलेक्टर श्री यादव ने कहा, अवैध शराब को लेकर भी प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इस संबंध में एसपी आनंद कलादगी को अवगत कराते हुए कहा है कि पुलिस और एक्साइज विभाग की संयुक्त टीम बनाकर धर-पकड़ अभियान चलाया जाए तथा अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। उन्होने कहा, अवैध शराब के कारण कई दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे मामलों को रोकने और जनहानि से बचाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा एक समुद्र लाखों तरंगें उत्पन्न कर सकता हैं, लेकिन लाखों तरंगें एक समुद्र उत्पन्न नहीं कर सकतीं हैं ऐसा इसलिए क्योंकि समुद्र ज़मीन से जुड़ा हुआ हैं। उन्होंने कहा सभी अधिकारियों से कहा आपको भ्रमण करना होगा, जनता से जीवंत संवाद बनाना होगा, अपने विभाग की कार्यविधियों का आकलन करना होगा, मौके पर जाना होगा।